धनबाद, शनिवार
12 मई 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com




किंग्स की नजरें प्लेऑफ में जगह पुख्ता करने पर } 14

कोरियाई प्रायद्वीप को पूरी तरह परमाणु मुक्त करना चाहेंगे ट्रंप } 9



# बच्चों ने लिया तैराकी का आनंद

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में प्री नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के छात्रों के लिए शुक्रवार को समर कैंप का आयोजन किया गया।समर कैंप के दौरान छात्रों की रूचि, मनोरंजन, स्वास्थ्य और बौद्धिक स्तर में वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखकर तैराकी, नृत्य, गायन व संगीत तथा थिएटर जैसी गतिविधियों को रखा गया। समर कैंप के दौरान गर्मी से बेहाल छात्रों ने तरणताल में संगीत की धुन के बीच जलक्रीडा का भरपूर आनंद लिया। गर्मी से राहत के लिए पानी में डुबकी लगाने के साथ-साथ संगीत पर नृत्य भी किया। तैराकी के साथ- साथ छात्रों ने शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य व गायन के गुर भी सीखे। छात्रों ने कविता का भी आनंद लिया।



समर कोचिंग कैंप का लुफ्त उठाते बच्चे •